हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

14 पुलिस का कारनामा: नई संहिता लागू फिर भी पुरानी धारा ...



14 हरियाणवी नृत्य में युवतियों ने मचाया धमाल



## खबर संक्षेप

### जागो भारत की ओर से किया पौधरोपण

**अंबाला।** जागो भारत डीके के फाउंडर धीरज कुमार व उनकी टीम ने अंबाला शहर के विभिन्न एरिया में पौधारोपण किया। धीरज कुमार ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

### इसराना पुलिस ने हत्या का आरोपी पकड़ा

**इसराना।** थाना इसराना पुलिस ने रोहतक पानीपत नेशनल हाईवे पर एनसी मेडिकल कॉलेज के नजदीक सीएनजी पंप के सामने शराब ठेके के पास कारपेट ठेकेदार मोनू निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत की गर्दन पर बोतल से वार कर हत्या करने के आरोपी सुनील निवासी उग्राखेड़ी को गिरफ्तार किया है।

### अफीम मामले का सप्लायर गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी करवाई करते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला सप्लाई करने के आरोप में संदीप पुत्र सुखदेव सिंह वासी गिदौर जिला छतरा झारखण्ड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### कार की टक्कर से दो व्यक्ति गंभीर, दो दुकानें क्षतिग्रस्त

**पानीपत।** पानीपत में श्री देवी मंदिर के सामने तेज रफ्तार कार ने दुकान के बाहर बैठे युवक मनोज निवासी भावना चौक और बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। मनोज व वृद्धा दुकान के शटर में जा घुसे। शटर से टकराने के बाद कार वापस मुड़ गई। इसके बाद दो युवक कार से उतरकर फरार हो गए। दोनों घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बाढ़ बचाव के अधूरे इंतजाम से कई गांव के लोगों के दिलों की धड़कनें तेज

## तेज बारिश हुई तो बाढ़ग्रस्त इलाके में हो सकता है भारी नुकसान, इंतजाम पूरे नहीं होने पर तिथि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बरसात का मौसम शुरु हो चुका है और जिले में बाढ़ बचाव के इंतजाम अधूरे पड़े हैं। जिनकी वजह से बाढ़ ग्रस्त इलाके के लोग परेशान हैं। बाढ़ बचाव के इंतजाम अधूरे पड़े होने का कारण पत्थर की कमी बताया जा रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ बचाव के अधूरे पड़े इंतजामों को पूरा करने के लिए 7 जुलाई तिथि निर्धारित की गई है। इससे पहले बाढ़ बचाव के इंतजाम पूरे करने के लिए 30 जून निर्धारित की गई थी। मगर इंतजाम पूरे नहीं होने पर तिथि बढ़ाई गई है।

- बरसात के दिनों में यमुना नदी में हर वर्ष आती है बाढ़



यमुनानगर के नजदीक स्थित यमुना नदी के कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त पड़े किनारे।

जिले में बरसात के मौसम में यमुनानदी, सोमनदी समेत अन्य बरसाती नदियां उफान पर आने से बाढ़ आ जाती है और बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारी तबाही होती है। बाढ़ प्रभावित इलाके के ग्रामीण राजबीर, सुधीर, मोहित, जयसिंह, प्रभात, सतवीर सिंह व सुरेंद्र सिंह आदि का कहना है कि बाढ़ रोकथाम के उपायों में देरी होने से जैसे-जैसे समय बीत रहा है यमुनानदी के साथ लगते बाढ़ प्रभावित इलाके के गांव कमालपुर, टापू, लापरा, गुमथला, संधाला, संधाली, लालछप्पर, जठलाना, पोबारी सहित अनेक गांव के लोगों के दिलों की धड़कनें तेज होने लगी हैं। लोगों को डर है कि यदि समय रहते बाढ़ राहत के कार्यों को पूरा नहीं किया गया तो गत वर्ष की तरह इस बार भी तेज बारिश होने से बाढ़ आ सकती है और बाढ़ प्रभावित इलाके में भारी तबाही मचा सकती है।

### पत्थर की कमी की वजह से बढ़ाई डेटलाइन

सिंचाई विभाग के एसई आरएस मित्तल के मुताबिक पहले बाढ़ बचाव कार्यों को पूरा करने के लिए 30 जून निर्धारित की गई थी। मगर कई स्थानों पर किए जा रहे स्टड लगाने के कार्य में पत्थर की कमी पड़ गई। इसलिए कार्य को पूरा करने के लिए डेटलाइन बढ़ाकर 7 जुलाई की गई है। जिले में बाढ़ बचाव इंतजामों पर 65 करोड़ रुपये की लागत से 58 कार्यों पर निर्माण कार्य चल रहा है।

# शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए 3 को अंबाला बंद का ऐलान

## व्यापार मंडल ने समर्थन का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जन जागृति संगठन द्वारा बुधवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक अंबाला के सभी व्यापारी प्रतिष्ठान/दुकानें बंद करने का आह्वान किया गया है। इस बंद को हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान नीरू वढेरा एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा खुले रूप में समर्थन दिया जाएगा।

ज्ञात रहे कि 'शंभू बार्डर' व्यापारी, आमजन व सरकार की लाइफलाइन है। जिस तरफ सरकार व प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा। अंबाला से शंभू पहुंचने में हाईवे से होते हुए मात्र 10 मिनट का सफर अब वाया घनौर जोकि पंजाब में पड़ता है अब 2 घंटे का हो गया है। इस संकरी सड़क के साथ भाखड़ा नहर 8 किलोमीटर तक बह रही है। जिस पर सफर करना जान जोखिम में डालने के बराबर है। बरसात का मौसम है-भगवान न करे कोई हादसा हो। इस बॉर्डर के बंद होने की वजह से अंबाला का व्यापार गर्क में चला गया है। स्टाफ का वेतन भी निकालना मुश्किल हो रहा है। ज्ञात रहे कि वढेरा जन जागृति संगठन के संयोजक राम रतन गर्ग व प्रधान विप्पल सिंगला के साथ प्रत्येक बाजार व सभी व्यापारी संगठनों से उपरोक्त विषय पर निजी तौर पर जाकर विषय की गंभीरता बारे व्यापारी व आमजन को अवगत करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंद वाले दिन हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के सभी सदस्य पुरानी कपड़ा मार्केट, देव समाज कॉलेज रोड, मनियारी मार्केट, अग्रसेन चौक, कालका चौक, सर्राफा बाजार, दाल बाजार, कोतवाली बाजार, पटेल रोड, जगाधरी गेट, रेलवे रोड व मानव चौक इत्यादि पर तैनात रहेंगे व बंद को कामयाब बनाने में सहयोग करेंगे। मौके पर चंद्रमोहन गुलाटी, तरसेम गर्ग, पवन गुप्ता, सुरेंद्र सचदेवा, देवेंद्र वर्मा, जोगिंद्र वर्मा, प्रधान राजकुमार, लक्की जुनेजा, श्रीकृष्ण गंभीर, मोहन लाल सैनी, मनोज गोयल को बंद की व्यवस्था अपने-अपने बाजारों में देखने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

- बॉर्डर के बंद होने की वजह से अंबाला का व्यापार चौपट

# केयू आईआईएचएस के बीएससी फिजिकल साइंस में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुवि के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा सोमवार को बीएससी फिजिकल साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध बीएससी फिजिकल साइंस की मेरिट सूची के अनुसार क्रम संख्या 1 से लेकर 250 तक के अभ्यर्थियों को 2 जुलाई को कमरा संख्या 26 में फिजिकल काउंसलिंग हेतु मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में रिपोर्ट करने का समय 8 बजकर 30 मिनट है। वहीं 3 जुलाई मेरिट सूची के अनुसार क्रम संख्या 251 से लेकर 340 तक के अभ्यर्थियों को कमरा संख्या 26 में उपस्थित होकर दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेना होगा तथा दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित है। बीएससी फिजिकल साइंस ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 102.6 से शुरू होकर 98 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 93 से 92.2 पर, हरियाणा जनरल की 98 से 92 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 92.2 से शुरू होकर 86.6 तक, हरियाणा एससी की 93.2 से 84.8 तक, हरियाणा डी-एससी 91.6 से 75.2, हरियाणा बीसीए 92.8 से 86.8, हरियाणा बीसी बी 93 से 88 तथा ईएसएम वर्ग की 89 से 80 पर समाप्त हुई।

- अभ्यर्थी को फिजिकल काउंसलिंग के लिए 2 व 3 जुलाई को होना होगा उपस्थित



फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेते अभ्यर्थी : फोटो : हरिभूमि

# चावल के निर्यात से पाबंदी हटाए केंद्र सरकार: मान

## पाबंदी से किसानों को अपने धान की बिक्री करने में दिक्कत आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि चावल के निर्यात पर लगाई गई पाबंदी को हटाया जाए। इसके साथ-साथ चावल के निर्यात पर लगाई गई 20 प्रतिशत निर्यात ड्यूटी को तुरंत प्रभाव से खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की लगाई गई पाबंदी से किसानों को अपना धान की बिक्री करने में दिक्कत आएगी। स्थानीय अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में आयोजित की गई मासिक बैठक में इस मामले को लेकर किसानों से जोरदार नारेबाजी की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता सूबे सिंह राणा ने की। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने इस प्रकार की पाबंदी को नहीं हटाया गया तो व्यापारी अपने हिसाब से धान की फसल की खरीद करेगा। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांग को स्वीकार नहीं किया गया तो किसान लामबंद होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मौके पर भाकियू चेयरमैन यशपाल राणा, वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, हरिकिशन, नेक्की राम, महेंद्र मढ़ान, प्रेम बल्ला, देशराज शाहपुर, रामदुरेजा, धनेतर राणा, कुलदीप राणा, दिलावर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

- मांगों को स्वीकार नहीं करने पर आंदोलन की दी चेतावनी



किसान भवन में नारेबाजी करते हुए भाकियू कार्यकर्ता।

### किसान भवन की प्रबंधक कमेटी का किया गठन

भारतीय किसान यूनियन की ओर से करनाल स्थित किसान भवन की देखरेख के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रमुख तौर पर नीलोखेड़ी ब्लॉक से सूबे सिंह राणा, करनाल ब्लॉक से राजकुमार नोतना, घरौंड़ा ब्लॉक से सुरेश कुमार, निसिंग से यशपाल राणा, इंद्री ब्लॉक से दिलावर सिंह को नामित किया गया है।

किसान भवन में आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के चेयरमैन यशपाल राणा ने किसानों को आह्वान करते हुए कहा कि सभी किसान भाई अपने खेतों में इस बार पांच पौधे अवश्य लगाएं, क्योंकि वातावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ खेतीबाड़ी पर भी ग्लोबल वार्मिंग का विपरित असर पड़ रहा है।

# शाहबाद में अलसुबह हुई बारिश ने गर्मी से लोगों को दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

नगर में अलसुबह हुई बरसात से नगर वासियों ने भीषण गर्मी से राहत ली। जहां एक तरफ लोग भीषण गर्मी से बहुत परेशान थे और घरों से बाहर निकालना भी मुश्किल हो रहा था वहीं बरसात होने से पेड़ पौधों पर भी कुछ हरियाली नजर आने लग गई है। सुबह बरसात के कारण बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

कामकाजी महिलाओं और पुरुषों को भी अपने गंतव्य तक जाने में परेशानी हुई। दोपहर को मौसम धूप निकलने के कारण गर्मी का एहसास होने लगा। भीषण गर्मी के कारण बाजार सुनने पड़े हैं। दुकानदारों का कोई कारोबार नहीं है। हर आदमी बरसात की इंतजार कर रहा था, अब बरसात होने लोगों ने राहत की सांस भी है। वही जिमीदार भी धान की फसल की बुवाई के लिए बरसात का इंतजार कर रहे थे। अब अगर बरसात लगातार पांच-सात दिन हो जाती है तो जमिंदारों को अपनी धान की फसल बुवाई करने में मदद मिल जाएगी। भीषण गर्मी के चलते बेल वाली सब्जियां भी सुख गई थी। अब बरसात होने से उनकी हरियाली भी वापस आ जाएगी।

# पड़ोसी ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में पड़ोसी व्यक्ति ने 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। खून से लथपथ हालत में जब पीड़िता की दादी उसे अस्पताल लेकर पहुंची तो मेडिकल में किशोरी के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी बुजुर्ग महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर अपनी 15 वर्षीय पौती के साथ रहती है। 26 जून को दोपहर दो बजे उसकी पौती की अचानक से तबीयत खराब हो गई। उसकी पौती के गुप्तांग से खून निकल रहा था। वह अपनी पौती को शहर के मुकंद लाल नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंची। जहां पर लड़की का मेडिकल किया गया। जिसमें उसकी पौती के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। उसकी पौती ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सुशील कुमार ने बहाला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया है। आरोपी इससे पहले भी उसके साथ गलत काम कर चुका है। पीड़िता की दादी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने देर शाम आरोपी सुशील कुमार के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अमिता देवी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- आरोपी पहले भी उसके साथ गलत काम कर चुका
- पीड़िता की दादी उसे अस्पताल लेकर पहुंची तो मेडिकल में किशोरी के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद और 50 हजार जुर्माना

**पानीपत।** एडीजे सुखप्रीत सिंह की फास्ट ट्रैक कोर्ट, पोस्को एक्ट ने किशोरी को उसके साथ विवाह करने की नीयत से अपने साथ ले कर जाने व किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी कमल निवासी नलवा कालोनी, गांव उझा जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एडीजे सुखप्रीत सिंह की कोर्ट ने कमल पर 50 हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी कमल को तीन साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। सरकारी वकील कुलदीप ढुल ने बताया कि इस केस में बड़ी बात यह भी है कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान पीड़िता और शिकायतकर्ता पिता दोनों ने ही गवाही से मुकर गए थे। उन्होंने दोषी के पक्ष में ही अपने बयान दिए थे। जबकि सुखप्रीत सिंह की कोर्ट ने सभी सबूतों के आधार पर ये फैसला सुनाया है। दूसरी ओर, चांदनीबाग थाना पुलिस ने दुष्कर्म पीडिता लडकी के पिता की शिकायत पर 9 अप्रैल सन 2022 को कमल के खिलाफ केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। इधर, कोर्ट ने कमल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

- जुर्माना नहीं देने पर तीन साल की अतिरिक्त कैद भोगेगा

## निरीक्षण

### कैदियों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया

सेशन जज ने बाल कैदियों को होने वाली परेशानियों के बारे में जाना

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन चंद्र शेखर ने कहा कि प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन में बच्चों को नियमानुसार तमाम सुविधाएं मिलनी चाहिए तथा स्वच्छता और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस रखना होगा।

सेशन जज एवं डीएलएसए के चेयरमैन चंद्रशेखर सोमवार को मधुबन प्लेस ऑफ सेफ्टी में बच्चों से बातचीत कर अधिकारियों से फीडबैक ले रहे थे। इससे पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर, सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ सविता कुमारी, मुख्य दंडाधिकारी सुधीर कुमार ने प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन करनाल का औचक निरीक्षण किया और किशोर बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत फीडबैक ली। सेशन जज ने प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से वार्तालाप की और उनको होने वाली परेशानियों के बारे में जाना।

उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले।

उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कोई बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, करनाल से संपर्क कर सकता है। इस संबंध में स्टाफ को बच्चों के आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए।



**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश निरीक्षण करते हुए।

### आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया

अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों / कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित / प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों / कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। कुछ कैदियों/बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया। स्टाफ को उनके आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मामला संबंधित न्यायालयों के ध्यान में लाया जा सके। अधीक्षक को विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और बच्चों / कैदियों के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा चेयरमैन ने हर एक कैदियों से वार्तालाप की और उनकी समस्याओं को सुना।

# सिखों के मान-सम्मान से नहीं होगा कोई समझौता : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने सिख कौम का विश्व भर में एक विशेष रूतबा है। सिख कौम ने अपना जो वर्चस्व बनाया है, वह गुरु साहिबान की अपार कृपा और सिखों की मेहनत सदका है। वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सगहल, धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना की अगुवाई में सिखों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका भी मौजूद रहे। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अब से पहले देश भर में सबसे अधिक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने शुरू से ही सिखों पर अत्याचार किए, लेकिन भाजपा हमेशा सिख कौम को साथ लेकर चली है। उन्होंने हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों एवं उनके साथ पहुंची सिख संगत को विश्वास दिलाया कि सिखों के मान-सम्मान के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी भाजपा सिख कौम के हित में कल्याणकारी योजनाएं चलाने के साथ-साथ उनकी जायज मांगों को पूरा करेगी।

- कांग्रेस ने शुरू से ही सिखों पर अत्याचार किए



सिख संगत को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा।

## खबर संक्षेप



### प्रियंका काठपाल को किया सम्मानित

**करनाल।** भारत विकास परिषद् की श्रीराधा कृष्ण शाखा करनाल की आम सभा में प्रियंका काठपाल को प्रांतीय दायित्व संस्कार के पद पर नियुक्त होने पर शाखा द्वारा सम्मानित किया गया। प्रियंका काठपाल पिछले दस वर्षों से शाखा में रहकर विभिन्न दायित्वों के माध्यम से समाज कल्याण के कार्य कर रहीं हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश तनेजा ने बताया कि प्रियंका लगातार पांच वर्ष अध्यक्षा रही और शाखा को नई ऊंचाई प्रदान की। इस सभा में शाखा के अध्यक्ष उमेश तनेजा, सचिव देवेंद्र रोहिला, उपाध्यक्ष प्रमोद नागपाल, प्रांतीय संयोजिका, प्रियंका कठपाल रहे।

### अनिल कुमार को सर्व सम्मति से प्रधान चुना

**करनाल।** करनाल बर्तन एंड क्राकरी एसोसिएशन करनाल की कार्यकारिणी की मीटिंग होटल आंगन, रेलवे रोड़ करनाल में हुई जिसमें अनिल कुमार मदान को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। रजिन्द्र मदान (आर.के. बर्तन स्टोर) को सचिव एवं शशी भूषण सिंगला (पवन बर्तन स्टोर) को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूर्व प्रधान ललित शर्मा जी को संरक्षक एवं पवन बठला एवं विशाल मखीजा को सीनियर वाईज प्रेजीडेंट चुना गया।

### नेहा नरवाल ने चमकाया करनाल का नाम

**करनाल।** कभी कन्या भ्रूण हत्या के लिए कुख्यात हरियाणा प्रदेश की बेटियाँ आज विश्व स्तर पर अपनी उपलब्धियों से प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। ऐसी ही एक बेटी



करनाल की नेहा नरवाल अमेज़न के ए डब्लू एस डिवीजन में एक प्रख्यात मशीन लर्निंग इंजीनियर के रूप में कार्य कर रही है जो जनरेटिव एआई अनुप्रयोगों के लिए बड़े भाषा मॉडल विकसित करने में निपुण हैं। उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ साइंस और दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से बी.टेक की डिग्री प्राप्त की है। नेहा ने एप्पल, अमेज़न

### स्टांप विक्रेताओं की लिमिट बढ़ाने पर किया धन्यवाद

**करनाल।** आल हरियाणा स्टांप विक्रेता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष इज्ञा पाल कांबोज ने प्रदेश में स्टांप विक्र्रताओं की लिमिट 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रूपये किए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। इज्ञा पाल कांबोज ने बताया कि स्टांप विक्र्रताओं की लंबे समय से मांग थी कि उनकी लिमिट को बढ़ाया जाए। लंबे समय से स्टांप विक्रेताओं की ऑनलाइन स्टांप निकालने और स्टांप बेचने की लिमिट 10 हजार रूपये की ही थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्टांप विक्रेताओं की समस्या को समझते हुए लिमिट को बढ़ाकर 20 हजार रूपये कर दिया है।

## युवा रचनकारो के लिए मन की उड़ान साहित्यिक कार्यक्रम से मिलेगा मंच

# एमडीडी बाल भवन प्रांगन में हुआ मन की उड़ान साहित्यिक कार्यक्रम

मन की उड़ान साहित्यिक मंच गठन कर वरिष्ठ साहित्यकारों का करेगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** एम डी डी बाल भवन साहित्यिक कार्यक्रम प्रांगन।

एमडीडी बाल भवन करनाल के प्रांगन में जिले के साहित्य में रूचि रखने वाले युवाओं ने मन की उड़ान साहित्यिक मंच का गठन किया है जिसके संस्थापक रामेश्वर देव ने बताया कि मंच मासिक कार्यक्रम शाम -ए-ग़ज़ल व साहित्य क्षेत्र में बड़े आयोजन भी करवाएगा, जिसमें कविता, ग़ज़ल, मुक्त, लघु कथा व अन्य विधाओं का समावेश रहेगा, मंच का उद्देश्य करनाल शहरी व ग्रामीण आंचल के नव रचनाकारों, लेखकों को मंच प्रदान करने के साथ साथ करनाल के वरिष्ठ कवि/ साहित्यकार को सम्मान प्रदान करने का रहेगा। तत्पश्चात मंच के कार्यक्रम शाम -ए-ग़ज़ल की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि प्रेम पाल सागर व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम डी डी बाल भवन के संस्थापक को मंच द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया। काव्य द्वारा की शुरुआत सरस्वती वंदना से कुमारी शैजल द्वारा की गई, वरिष्ठ कवि प्रेम पाल सागर ने कहा कि जीने के लिये शुद्ध वायु भरपूर होना चाहिए, बन्द यह प्रदूषण का नासूर होना चाहिए, मुख्य अतिथि पी.आर नाथ ने सभी को नये मंच की शुभकामनाएं दी और कहा कि भविष्य में यह मंच युवाओं के लिए प्रेरणा बने,रामेश्वर देव ने कहा कि इक अदब का कारवां देखो बनाया जाएगा, हर दिल में भाईचारे का गुल खिलाया जाएगा,गुलाब सिंह फक्कर ने कहा कि अभी जिद्द न कर ए जिंदगी, कभी फुर्सत में लिखेंगे तुझे भी,संजोत सिंह ने कहा कि किस्से बन जाएंगे कहानी एक दिन,राख हो जाएगी जवानी एक दिन, सुषमा चौपड़ा ने कहा कि जबसे तू ज़िंदगी में आया है,हमने तो प्यार ही प्यार पाया है, मनोज मधुरभाषी ने कहा कि जीने का तजुर्बा मैं जान गया हूं, ज़िंदगी का तजुर्बा मैं मान गया हूं, वरिष्ठ कवि कृष्ण निर्माण ने कहा कि फिकर म्हं नवे पुराने लोग,कोन्या गए पिछाने लोग,सत्या कोहंड ने कहा कि कंकर मोती कांटे फूल बगान क्या देखना, छोटा बड़ा व मुश्किल आसान क्या देखना,सुरेन्द्र कल्याण ने कहा कि वो मुझसे दूर रहकर खुश हैं, वो खुश हैं आम इसलिए ख़ुश हैं, गुरमीत पाढा ने कहा कि जिसने क़तरा भर भी साथ दिया हमारा, राजन गांधी ने कहा कि सोचा था कि तुम मेरे हो और मेरे ही रहोगे, राजपाल राजन ने कहा कि नुरानी ज्योत मोहब्बत की या तो जवानी नहीं, करमजीत सिंह ने कहा कि जो नज़र हो गये या छोड़ गये, इसके अलावा खुशबू रमेश कुमार, पंकज गहलोत, पारस गहलोत ने भी अपनी अपनी रचना प्रस्तुत की कार्यक्रम में गोपाल दास नीरू ,आयुषमान ,सजीव कुमार,दीपक कुमार व अन्य श्रोता उपस्थिति रहे।

### बैठक में कार्यकारिणी का हुआ गठन

मंच की पहली बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें रामेश्वर देव को संस्थापक, गुलाब सिंह फक्कर को अध्यक्ष, सुषमा चौपड़ा को उपाध्यक्ष, संजोत सिंह को सचिव, मनोज मधुरभाषी को खजांची, महावीर मैहला व राजन गांधी को मीडिया प्रभारी, सत्या कोहंड व सुरेन्द्र कल्याण को सलाहकार, गुरमीत पाढा को समन्वय चुना गया।



करनाल। सरपंचो से संग बैठक करते विधायक हरविंदर कल्याण।

## समस्याओं को लेकर विधायक ने सरपंचों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सरकार की और से लोगों की समस्याओ का समधान करने के लिए एसडीएम ऑफिस में समाधान शिविर लगाए जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में भी इसका लाभ लोगों को ज्यादा से ज्यादा मिल सके, इसके लिए गांव के सरपंच गाँवो में जागरूकता अभियान चलाए। जिसको लेकर विधायक हरविंदर कल्याण ने क्षेत्र के सभी सरपंचो की एक बैठक विश्राम गृह पर बुलाई। विधायक कल्याण ने गाँवो में होने वाले विकास कार्यों के सरपंचो से राय भी ली। सोमवार को विश्राम गृह पर आयोजित बैठक में सरपंचो ने गांव में विकास कार्यों के साथ -साथ गांव में सफाई व्यवस्था की भी बात रखी। इसी के साथ गांव मे आबंटित होने पर प्लाटो पर विस्तार से चर्चा हुई। सरपंचो ने जो लाभर्थियों को प्लाट दिए गए है, उनकी रजिस्ट्री नहीं हो रही है। सरपंचो ने गांव मे सफाई व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठाए और कहा कि गांव मे सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

जिसको लेकर विधायक कल्याण ने बीड़ीपीओ को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था गाँवो में सुचारु रूप से होनी चाहिए। कई सरपंचो ने कहा कि गांव के सफाई कर्मचारियों को दूसरे गांव में तैनात कर देना चाहिए। विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि लोगों के समस्याओ का समाधान करने के लिए समाधान शिविर एसडीएम ऑफिस में लगाए जा रहे है।उन्होंने सभी सरपंचो से अनुरोध किया गया कि उन समाधान शिविरो में लोगों को लेकर पहुंचे और उनकी समस्याओ का हल करवाएं।

### भीम सैनी बने जिला सुशासन प्रमुख

**करनाल।** रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर भीम सैनी को जिला सुशासन प्रमुख बनाए जाने पर टीम राहगिरी ने फूल मालाएं डालकर उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि भीम सैनी शुरू से ही राहगिरी टीम के वरिष्ठ सदस्य रहे हैं। वह एक राष्ट्रीय स्तर के एथलीट भी रहे हैं और जिला फुटबॉल एसोसिएशन के उप प्रधान भी रहे हैं। भीम सैनी ने जिला सुशासन प्रमुख (भाजपा) बनाए जाने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया है। उनके साथ-साथ केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल, जिला भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र राणा तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला का भी आभार व्यक्त किया। भीम सैनी ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समपर्ण के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।



### 10 को परिषद का स्थापना दिवस मनाया जाएगा

**करनाल।** भारत विकास परिषद की ओर से 27 जून से 10 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 27 जून को भाविप के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश की जयंती थी और 10 जुलाई को परिषद का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा की ओर से सनातन धर्म मंदिर प्रेम नगर में चतुर्थ वार्षिक निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में गुर्दे की पथरी, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग, बवासीर, शुगर व पेट संबंधी बीमारियों की जांच की गई। कैंप में डा. टीआर मिनोचा, डा. प्रतिभा मिनोचा, डा. बी.के.ठाकुर, डा. मीनू व डा. दीपिका ने अपनी सेवाएं दी। दवाइयां फ्री वितरित की गई। मल्होत्रा क्लीनिकल लैब की ओर से शुगर व बी.पी. के टैस्ट निशुल्क किए गए। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा व प्रकल्प प्रमुख मनोहर कृष्ण डुडेजा ने कहा कि भारत विकास परिषद के पांच प्रकल्प संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण हैं। भारत विकास परिषद की स्थापना कर डा. सूरज प्रकाश ने देश की सेवा करने के लिए महत्वपूर्ण संस्था का गठन किया था। आज देशभर में भाविप के लाखों कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं।

## सीएम नायब का करनाल आगमन पर भव्य स्वागत

- नव नियुक्त ओएसडी संजय बठला सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का देर सायं करनाल आगमन पर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, नव नियुक्त ओएसडी संजय बठला, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा नेता एडवोकेट वेदपाल, जगमोहन आनंद, विकास कथूरिया, हरियाणा केशकला एवं कौशल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष यशपाल ठाकुर, हरियाणा व्यापार मंडल बोर्ड के डायरेक्टर कृष्ण तनेजा, जिला परिषद की चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, हरपाल कलामपुरा, राजेश आर्य, भाजपा नेत्री मंजू खैंची, प्रियंका कठपालिया, वीर विक्रम कुमार, नवीन कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। दूसरी ओर प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आम जनता की शिकायतों का मौके पर किया निपटारा, अधिकारियों को दिए निर्देश मुख्यमंत्री की कार्यशैली से आम जनता खुश, सूचना मिलते ही सैंकड़ों लोगों का उमड़ पड़ता है हुजुम

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता से मिले तथा उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सैंकड़ों आम लोगों का हुजुम स्वागत करने के लिए उमड़ पड़ा और अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी आम लोगों के प्रति दरियादिली दिखाते हुए बड़ी ही शालिनता के साथ उनकी बातें सुनते हैं और प्रयास करते हैं कि उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो। मुख्यमंत्री की इस कार्यशैली की आम जनता में बड़ी सराहना हो रही है और भारी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए पहुंच जाते हैं।



### नन्हेड़ा स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**इंद्री।** इंद्री के गांव नन्हेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में स्कूल मुखिया महिंद्र कुमार के नेतृत्व में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में महिंद्र कुमार ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ पौधों के बिना धरती पर मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पेड़ पौधे जहां पृथ्वी का तापमान कम रखने में सहयोग करते हैं, वही हमें अनेक प्रकार की जड़ी बूटियां, लकड़ी तथा हमारे जीवन के सहयोगी जीव जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि जून की छुट्टियों में पर्यावरण टीम के सदस्यों पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, महिंद्र कुमार, धर्मवीर लठवाल, अरुण कुमार, मानसिंह चंदेल, प्रो मीरा के आपसी सहयोग से एक लाख रुपए से अधिक की कीमत के पौधे उत्तर प्रदेश से खरीद कर लोगों में वितरित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग फलदार पौधे लगाने की इच्छा रखते हैं इसलिए लोगों की इच्छाओं के अनुरूप आम, लीची, चीकू, आड़ू प्रभात, आड़ू शेरे पंजाब, आड़ू शरबती, किन्नू,मौसमी, संतरा, शहतूत, नींबू, अमरूद, अंजीर के ग्राफ्टेड पौधे तथा सजावटी पौधे सीता अशोक,अशोका, सिन्दूर, हारश्रृंगार, टीकोमो, अगर, मोरपंखी आदि बांटे।

## विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



फोटो कैप्शन इंद्री 3 इंद्री हल्के के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार

विधायक रामकुमार कश्यप ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनकर उनका शीघ्र समाधान करने का जनता को आश्वासन दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतों से विधायक को अवगत करवाया। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों ने उनके सम्मुख रोजगार दिलाने, गलियां-नालियां पक्की करवाने, अनुदान राशि दिलवाने, पेयजल, गन्दे पानी की निकासी, चौपाल बनवाने के लिए अनुदान दिलवाने, बिजली-पानी, स्थानांतरण, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली बिल को ठीक करवाने, पक्का मकान बनवाने जैसी अनेकों समस्याएं लेकर आती है। जनता की इन समस्याओं में से अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया जाता है और अन्य समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित प्रशासन के अधिकारियों को फोन के माध्यम से निर्देश दिए ताकि लोगों की समस्याओं का शीघ्र हल हो सकें ।



### खंड शिक्षा अधिकारी ने की पौधारोपण की शुरुआत

**करनाल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेक्टर 14 में करनाल खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 1 जुलाई से 30 जुलाई तक विशेष को पौधारोपण कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करके इस कार्यक्रम की शुरुआत की। खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान ने बताया कि करनाल खंड के प्रत्येक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम बड़े जोर शोर से चलाया जाएगा। एनसीआरटी हरियाणा द्वारा मानसून सीजन के दौरान राज्य के समस्त स्कूलों में पधारोपण को प्रोत्साहित करते हुए पारिवारिक वृक्ष के रूप में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा यूथ एंड ईको कार्यक्रम के तहत भी मेगा पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि विश्व में ग्लोबल वार्मिंग के खतरे ने चिंता बढ़ा रखी है। धरती गर्माती जा रही है। जब से इंसान ने जंगलों का सफाया किया है तब से पर्यावरण संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ा देश भक्त वही है जो पौधे रोपित कर पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करता है।

## विधायक ने महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री के प्रधान पवन सिंगला को दी बधाई



इंद्री। महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री के प्रधान पवन सिंगला को बुके देकर सम्मानित करते विधायक रामकुमार कश्यप । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री के दूसरी बार बने प्रधान समाजसेवी पवन सिंगला को इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने पवन सिंगला को बुके देकर सम्मानित किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाज को एकजुट करने के लिए अनेकों महान कार्य किए है। महाराजा अग्रसेन जी द्वारा एक ईंट एक रूपया की प्रथा को आज भी समाज मानता आ रहा है। विधायक ने कहा कि हमें महापुरुषों के दिखाए गए मार्ग पर चलकर देश व समाज की भलाई के लिए कार्य करने चाहिए। पवन सिंगला ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि समाज ने उनको जो दूसरी बार जिम्मेवारी सौंपी है वो उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेगें ओर समाज की भलाई व एकता के लिए सभी को साथ लेकर काम करेगे। इस मौके पर अमित गोयल, सुभाष जिंदल, जयप्रकाश बंसल, जगदीश गोयल, रमेश सिंगला, प्रेम चंद मघ आदि रहे।

### हरियाणा में क्राइम, महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर

करनाल। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में क्राइम, महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गए हैं। किसानों, कर्मचारियों और पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ भाजपा सरकार ने अन्याय करने का काम किया। में कांग्रेस की सरकार बनने पर छह हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में उपलब्ध करवाया जाएगा। सुरेश गुप्ता ने शिव कालोनी में कई कार्यक्रमों में पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ चर्चा की। पिछड़ा वर्ग के साथ राजनीतिक तौर हुए अन्याय और भाजपा सरकार द्वारा की गई बेइंसाफी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने का काम करेगी। जो वादे घोषणा पत्र में किए जाएंगे उन्हें पूरा करने का काम किया जाएगा। एचपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गए हैं। बीते दिनों हिसार में व्यापारियों से फिरौती मांगने और उनके प्रतिष्ठानों पर फायरिंग

## खाली मैदान, जोहड़, पार्क, सड़कों व नहर किनारों की हुई सफाई

# 10 दिन चला मेगा सफाई अभियान रहा सफल

- कार्यक्रम में जागरूकता गतिविधियां भी चलाई गई: धीरज कुमार
- अभियान में सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ, आरडब्ल्यूए, एसएचजी व नागरिकों का रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करनाल शहर में 21 से 30 जून तक चलाए गए मेगा सफाई अभियान के दौरान करीब डेढ दर्जन खाली मैदान, जोहड़, पार्क, सड़कों तथा नहर किनारे पर साफ-सफाई की गई। नगर निगम करनाल की ओर से बड़े जोर-शोर से अभियान चलाया गया। इस दौरान रौजाना शहर के विभिन्न ईलाकों में स्वच्छता गतिविधियां चलाई गई। आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत नागरिकों को जागरूक भी किया गया। यह जानकारी अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतिम दिन रविवार को सेक्टर-13 की श्री राम वाटिका तथा उसके आस-पास क्षेत्र एवं सड़कों तथा गलियों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान 1 ट्राली पॉलिथीन व आर.डी.एफ. निकला। इसी प्रकार शनिवार को एच.एस.वी.पी. क्षेत्र पुरानी तहसील मार्किट में खाली प्लॉट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान 3 ट्राली मिक्स कचरा उठाया गया। शुक्रवार को चांद सराय स्थित मंदिर के आस-पास मैदान में सफाई अभियान के तहत साफ-सफाई की गई और 2 ट्राली वेस्ट उठाया गया। इनके अतिरिक्त गुरूवार को शहर के कर्ण पार्क में सफाई अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम द्वारा पार्क में सैर कर रहे लोगों व योगा कक्षा लगा रहे लोगों को सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों के तहत जागरूक किया गया। सभी से पार्क को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील की गई।उन्होंने बताया कि मेगा सफाई अभियान में शहर की सामाजिक संस्थाओं, निवासी कल्याण संघ, गैर सरकारी संगठन तथा स्वयं सहायता समूह का भी अच्छा-खास योगदान देखने को मिला। इनके अतिरिक्त शहरवासी भी अभियान में शामिल हुए और अपने शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग किया। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने सभी शहर वासियों से अपील करते कहा है कि सफाई अभियान एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह नागरिकों के व्यवहार से जुड़ी दिनचर्या है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों की भागीदारी स्वच्छता कार्यक्रमों को ओर मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने शहरवासियों का आह्वान किया है कि वे स्वच्छता को अपने व्यवहार में शामिल रखें और इसे जीवन का एक अभिन्न अंग बनाएं। उन्होंने कहा कि करनाल शहर ने पहले भी स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजो में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय रैंकिंग हासिल की है। इस बार भी नगर निगम अनेक प्रकार की गतिविधियां चला रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस बार के नतीजे पहले से अधिक बेहतर होकर सामने आएं, जिसमें करनाल देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल हो सके।

### अभियान में ये रहे सहयोगी

मेगा सफाई अभियान में सहायक सफाई निरीक्षक गुलाब सिंह, वार्ड 10 के पूर्व पार्षद वीर विक्रम कुमार, एजूकेशन हैल्थ एंड एन्वायरमेंट सोसाईटी के सदस्य संदी लाठर एवं उनकी टीम के अतिरिक्त दिनेश गुलाटी, दीपक गुप्ता, राजेश शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम से ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर कुलदीप, मोहिन्द्र व दीपमाला, सभी स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक तथा बीट अनुसार दरौगा व सुपरवाईजर तथा सफाई कर्मियों ने हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### गवर्नमेंट कॉलेज में 400 सीटों पर 1511 आवेदन

**अंबाला।** कॉलेजों में एडमिशन के लिए आवेदन करने का रविवार को अंतिम दिन था। जिले में अब तक आए आवेदनों में कैंट का गवर्नमेंट कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है। गौरतलब है कि कॉलेजों में एडमिशन के लिए 3 जून से आवेदन किए जा रहे थे। आवेदन करने की आखिरी तारीख पहले 25 जून थी, जिसे बढ़ाकर 30 जून किया गया था। आखिरी दिन भी विद्यार्थियों ने एडमिशन लेने के लिए आवेदन भरा।

### झूठा निकला मोदी का नारा

**अंबाला।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरबीर सिंह महल ने गांव भूनी, बालापुर, कलावड़, जंधेड़ी सहित अन्य गांवों में दौरा किया। इस दौरान हरबीर महल का कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। हरबीर महल ने उपस्थिति को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके मंत्रियों द्वारा लगातार 400 पार का नारा दिया जा रहा था, लेकिन हकीकत कुछ ओर ही सामने आई है।

### शिविर में 90 बच्चों की आंखें जांची

**अंबाला।** बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुलाबी पंख आईएमए अंबाला कैंट ने आईडी आरिश फाउंडेशन के सहयोग से एक नेत्र जांच शिविर लगाया। इस कार्यक्रम में कुल 90 से अधिक बच्चों की आंखों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त सलाह एवं दवाएं प्रदान की।

### शिविर में करवाए गए योग आसन

**नारायणगढ़।** भारतीय योग संस्थान द्वारा पांच दिवसीय मधुमेह रोग और योग शिविर श्री सनातन धर्म महावीर दल के सहयोग से हनुमान वाटिका में चलाया जा रहा है। दूसरे दिन श्री सनातन धर्म महावीर दल के उपप्रधान विनोद वर्मा व आदर्श गुप्ता, महासचिव राजेश वर्मा ने योग साधकों का स्वागत किया। दल द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### नए कानून के बारे में छात्रों को दी जानकारी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने जागरूकता पैदा करने और समाज के लिए नए कानूनों के महत्व और प्रभाव को उजागर करने के लिए "भारत के नए आपराधिक कानून और उनका क्रियान्वयन" पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ सीमा कंसल ने छात्रों को बताया कि यह नए आपराधिक कानून, अर्थात भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1 जुलाई, 2024 को लागू होंगे।

### सफाई कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन के अध्यक्ष से मिले

**बराड़ा।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन हरियाणा का एक प्रतिनिधि मंडल जसविंदर परोचा प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र से करनाल में मिला। इस दौरान कर्मचरियों ने अपनी मांगों के बारे में ज्ञापन दिया। इसमें उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी 18 साल से लगे हुए है लेकिन अभी तक भी सरकार ने इनकी सुध नहीं ली है।

---

क्रिमिनल लॉयर बोले, स्टैंड नहीं करेगा केस

# पुलिस का कारनामा: नई संहिता लागू फिर भी पुरानी धारा के तहत दर्ज किया चोरी का केस

भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अंबाला छावनी थाने में दर्ज हुआ पहला केस

डॉ. अशोक अंटवाल ▶▶| अंबाला



भारतीय न्याय संहिता की नई धारा के तहत चोरी का पहला केस दर्ज हुआ है। अंबाला शहर के कोतवाली थाने में दर्ज इस केस में एक मारुति कार चोरी हो गई है। हैरत की बात है कि अंबाला कैंट थाने में ऐसा ही चोरी का केस पुरानी संहिता की धारा के तहत दर्ज किया गया है। इस मामले में एक बाइक चोरी हुई है। उधर क्रिमिनल लॉ के एक्सपर्ट्स ने पुरानी संहिता के तहत दर्ज हुई एफआईआर पर सवाल उठा दिए। उनका कहना है कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान यह एफआईआर ही स्टैंड नहीं करेगी।

### 303 के तहत हुआ पहला केस दर्ज

अंबाला शहर के नदी मोहल्ला के रहने वाले अमन कुमार ने भारतीय न्याय संहिता की नई धारा के तहत पहला केस दर्ज करवाया है। पुलिस चौकी नंबर 2 में दी शिकायत में अमन ने बताया कि उसके पास एक एक मारुती स्विफ्ट कार है। उसका नंबर एचआर 01एएल 0345 है। जबकि इंजन नंबर 583768 है। अमन ने शिकायत में कार के चेसिस नंबर 908811 का भी जिक्र किया है। यह कार 2015 मॉडल है। अमन ने बताया कि गाड़ी का रंग सफ़ेद है। 30 जून 2024 को मेरे घर के बाहर रात 9.30 बजे खड़ी थी। सोमवार सुबह जब उसने सात बजे अपनी गाड़ी देखी तो वह गायब मिली। उसने आसपास गाड़ी के बारे में पूछताछ की मगर कुछ पता नहीं चला। उसने बताया कि गाड़ी में बैल्डिंग सैट कॉप रेसर पीतल के निपप्ल व गाड़ी के कागज भी थे। ये सभी दस्तावेज व सामान चोरी हो गए। अमन की ओर से शिकायत में चोरी का केस दर्ज करने का आग्रह किया गया। शिकायत के आधार पर अब पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत केस दर्ज किया गया है। सोमवार से लागू हुई भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जिले में यह पहला चोरी का केस दर्ज किया गया है।

### आरोपियों को फायदा

एक जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू हो गई है। अब नई संहिता की धाराओं के तहत ही नए केस दर्ज होंगे। अगर अंबाला छावनी पुलिस ने पुरानी संहिता की धारा के तहत 1 जुलाई 2024 को कोई केस दर्ज किया है तो वह कानूनी रुप से पूरी तरह से गलत है। यह केस कोर्ट में स्टैंड ही नहीं करेगा। इसका सीधा फायदा आरोपी को मिलेगा। ऐसे में तो यह एफआईआर ही कैंसिल हो जाएगी।

**-निखिल चोपड़ा, क्रिमिनल लॉयर, अंबाला**

### संहिता बदली पर धारा पुरानी लगाई

इसी तरह वाहन चोरी का एक केस सोमवार को अंबाला कैंट थाने में दर्ज हुआ। मगर इस केस में भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बावजूद पुरानी धारा के तहत चोरी का केस दर्ज किया गया है। इस मामले में अंबाला छावनी के न्यू लक्की नगर के रहने वाले अमरजीत कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि 17 जून 2024 को वह गांधी मार्केट में कपड़े खरीदने के लिए अपनी मोटर बाइकी नंबर एचआर 85 सी 9020 मार्का स्पलेंडर पर सवार होकर गया था। तिब्तियन मार्केट के पासव उसने मोटरसाइकिल खड़ी कर उसे अच्छी तरह से लॉक किया था। उसने बताया कि जब वह करीब 6.30 बजे वापिस आया तो बाइक मौके पर नहीं मिली। किसी ने मौके से उसकी बाइक चोरी कर ली है। उसने हर संभव तरीके से उसे तलाशने का प्रयास किया लेकिन बाइक का कहीं भी सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने सोमवार को दर्ज किए इस केस में इंडियन पेनल कोड की धारा 379 का ही इस्तेमाल किया है।

---



अंबाला। नालों का मुआयना करते एसडीएम सतिंद्र सिवाच व अन्य।

## बरसात से पहले सभी नालों की सफाई के आदेश, एसडीएम ने जांचा सफाई कार्य

- विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए इस सफाई अभियान मे तेजी लाने के लिए जरुरत पडने पर अतिरिक्त स्टाफ का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मानसून के मध्यनजर अंबाला कैंट के एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने सोमवार को गुडगुडिया नाला, महेश नगर ड्रेन, सुभाष पार्क नाला व अंबाला कैंट क्षेत्र के अन्य नालों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नालों की जल्द सफाई सुनिश्चत करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम, पब्लिक हेल्थ इंजिनियरिंग व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने नगर निगम व पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों के साथ अंबाला कैंट के गुडगुडिया नाला, सुभाष पार्क नाला, महेश नगर ड्रेन, महेश नगर पंप हाउस व बीडी फ्लोर मिल के निकट नाला व अन्य जगहों पर जाकर नालों का मुआयना किया। सभी नालों की जल्द से जल्द सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें। तत्परता के साथ नालों की सफाई करवाना सुनिश्चत करें ताकि बारिश के समय पानी भराव व बाढ जैसी कोई भी समस्या देखने को न मिलें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नालों की सफाई समयबद्ध व तेजी के साथ करवाना सुनिश्चत करें। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए इस सफाई अभियान मे तेजी लाने के लिए जरुरत पडने पर अतिरिक्त स्टाफ का प्रयोग करें। अति शीघ्र सफाई का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चत करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नालों मे से निकलने वाली गाद व कचरा को साथ ही उठवाना सुनिश्चित करें ताकि कचरे से किसी भी तरह की गंदगी न फैले।

---

## हरियाणवी नृत्य में युवतियों ने मचाया धमाल

- गुदगुदगी जंक्शन समूह की ओर से आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यशाला में नृत्य का शानदार प्रदर्शन करती युवतियां।

सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारणी द्वारा सेक्टर 9 के समीप लक्ष्मी नगर गीता कुटीर में निशुल्क हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संजय गौतम ने बताया कि सर्वप्रथम जिला प्रभारी करमजीत सिंह ने कार्यकारिणी सहित कुरुक्षेत्र से संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौली गौड़,संरक्षक जितेंद्र बंसल,वरिष्ठ पदाधिकारी गुलशन ग्रोवर,अमरजीत पांचाल और राज अरोड़ा का स्वागत किया। तत्पश्चात साध्वी सुश्री भारती गिरी के सान्निध्य में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद सरस्वती वंदना से कार्यक्रम विधिवत शुरू हुआ। जिला कार्यकारणी द्वारा पहली बार 10 दिवसीय निशुल्क हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला लगाई गई जिसके समापन अवसर पर प्रशिक्षक बुद्धराम मट्टू के निर्देशन में लोकनृत्य सीख रही 7 से 19 वर्ष आयु वर्ग की 24 छात्राओं को प्रमाण पत्र सहित उपहार दिए गए। चंद्रमौली गौड़ ने कहा कि हरियाणा के लोक नृत्य इस राज्य की समृद्ध लोक कथाओं और परंपरा को प्रदर्शित करते हुए लोगों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को दर्शाते हैं। ये लोक नृत्य लोगों के बीच एकता और एकजुटता की भावना पैदा करते हैं। चाहे वह त्योहार, मेले,विवाह,जन्म अथवा फसल के मौसम जैसे समारोह हों। ये लोक नृत्य आनन्दित होने के साथ साथ हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को संभालते हैं। इसी श्रृंखला में यह कार्यशाला लगाई गई जिससे छात्राओं को हरियाणवी संस्कृति सीखने का अवसर मिल सके। प्रशिक्षणार्थियों की हरियाणवी लोक नृत्य कला का परीक्षण किया गया जिसमें सीनियर व जूनियर टीमों की सभी छात्राओं का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए मयूर नृत्य....,न कर मिट्ठी मिट्ठी बात.....,मरोड़ा मत मारै मर ज्यांगी....,तू क्यूं नी लाया रै सोने की तगड़ी....आदि ने समां बांधा।

---

## आयुष्मान कार्ड का भुगतान बंद, प्राइवेट अस्पतालों ने जरुरतमंदों का उपचार करना किया बंद

- कांग्रेस बोली यह घोर लापरवाही राज्य सरकार की बड़ी नाकाम, तुरंत निजी अस्पतालों का भुगतान हो ताकि जरुरतमंदों को मिले उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता रोहित जैन व अन्य।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि एक ओर तो राज्य सरकार दावा करती है कि प्रदेश के लाखों लोगों का आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज करवाया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जल्द ही ऐसे लोगों का उपचार बंद करने का ऐलान कर रही है। जैन का आरोप है कि प्रदेश के निजी अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के तहत सरकार की ओर से उनकी बकाया राशि का भुगतान न करने से लाखों लाभार्थी निशुल्क इलाज की सुविधा से वंचित हो गए हैं। उन्होंने सरकारी दावों की पोल खोलते हुए कहा कि सरकार आयुष्मान योजना के प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च करती है। अपनी वाहवाही लूटने की कोशिश करती है लेकिन इस योजना के तहत निशुल्क इलाज करने वाले निजी अस्पतालों पर आर्थिक बोझ पड़ गया है। जैन ने आईएमए द्वारा इलाज बंद करने के फैसले को सरकार की लापरवाही व नाकामी बताते हुए कहा कि सरकार ने प्राइवेट अस्पतालों का लगभग 300 से 400 करोड़ रुपया बकाया देना है। भुगतान न होने कारण आईएमए को इलाज बंद करने का फैसला लेना पड़ा जिससे लाखों परिवार प्रभावित होंगे। उन्होने कहा कि गंभीर बीमारियों से जुझते हुए लोग परेशान हो गए हैं। उन्हें कोई इलाज के लिए विकल्प न दिख रहा है। जैन ने कहा कि जिला में हजारों परिवार आयुष्मान योजना के तहत रजिस्टर्ड हैं जिसमें लगभग 70 प्रतिशत मरीज प्राइवेट व संस्थागत अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आम इंसान को आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा ही बंद कर दी जाएगी तो इस कार्ड का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। यह सिर्फ आम जनता को बेवकूफ बनाने का एक साधन मात्र बनकर रह जाएगा। सरकार को तुरंत प्रभाव से प्राइवेट अस्पतालों का बकाया भुगतान देना चाहिए ताकि आमजन को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

## हवन से शुरू हुआ नए सत्र का आगाज



**बराड़ा।** सोमवार को जय पब्लिक स्कूल गुरुकुल में नए सत्र का शुभारंभ हवन द्वारा किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. नीलम जैन, मुख्य समन्वयक बलराम, मुख्य संरक्षक राजेश कुमार, और विद्यालय चीफ अमित रोहिला समेत अन्य विद्यार्थी और सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुरुकुल के सभी ब्रह्मचारियों ने हिस्सा लिया और मंत्रोच्चारण किया। पूजा-अर्चना और आरती के बाद सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की गई। उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और नए सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस समारोह ने सभी को नए सत्र की शुरुआत की सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया और विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा दी।

---

## एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं ज्यादातर का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। समाधान शिविर में समस्याएं सुनती एडीसी व अन्य अधिकारी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे है। बता दें कि शिविर मे आने वाले लोगो की समस्याओं को बडे ही ध्यान से सुना जाता है। तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। इसी कड़ी मे सोमवार को डीसी कोर्ट रूम में एडीसी अपराजिता ने नागरिकों की समस्याओं को क्रमवार तरीके से ध्यानकर कार्रवाई के आदेश दिए। ज्यादातर लोगो की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। एक जुलाई को जिला में कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 55 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर 21 शिकायतें प्राप्त हुई। इसमें से 11 शिकायतों का तुरंत मौक पर ही समाधान किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपकर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। एडीसी अपराजिता ने समाधान शिविर मे न्यू मिलाप नगर से आए सुखबीर सिंह की समस्या का मौके पर किया समाधान।

---



अंबाला। चिकित्स कों को सम्मानित करते हुए।

## तुलसी के पौधे दकर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉक्टर्स को किया सम्मानित

**अंबाला।** आर्य गर्ल्ज कॉलेज में सोमवार को महाविद्यालय की हेल्थ कमेटी की ओर से राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के उपलक्ष्य में डॉक्टर्स को तुलसी के पौधे भेंट कर बधाई दी। प्राचार्या डॉक्टर अनुपमा आर्य ने कहा कि "सम्मान करिए हर चिकित्सक का क्योंकि वह किरदार निभाता है रक्षक का"। उन्होंने कहा कि रातों-रात जागकर लोगों की जान बचाने वाले चिकित्सकों को सलाम। कमेटी की संयोजक डॉ. सरिता चौधरी, डॉ. अनीता गोदारा (एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर), डॉ. सुनीता के द्वारा डॉ. यशपाल डायरेक्टर, अटल कैंसर केयर सेंटर, , डॉ. कार्तिक न्यूरो सर्जन, सिविल अस्पताल, , डॉ. पूजा शर्मा, कैंसर स्पेशलिस्ट, डॉ. जोगिन्द्र, सिविल सर्जन, डॉ. चौहान एवं डॉ. हरि प्रकाश , होम्योहोम व डॉ. परिणिधि सभी को उनके कार्यस्थल पर पहुंचकर पौधा देकर शुभकामनाएं दी।

---

## दादुपुर-नलवी नहर की जमीन वापिस देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

दादुपुर-नलवी नहर के बंद होने के बाद किसानों को उनकी जमीन पैसे जमा करवाने के बाद सरकार की ओर से देने की योजना शुरू की गई थी। उस समय कुछ किसानों को यह जमीन नहीं मिल पाई। वह किसान तभी से नहर में गयी अपनी जमीन वापिस लेने का प्रयास कर रहे है लेकिन उन्हें यह जमीन नही मिल पा रही है। नाराज किसानों ने सीएम को शिकायत की है कि 2019 में अधिग्रहीत की गई जमीन अब तक किसानों को वापस नहीं मिली हैं। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन अधिग्रहीत होने के बाद उनकी कृषि पर बुरा असर पड़ा है और उनकी खेती प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि आने वाले दिनों में उनका एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले में सीएम से मिलकर समस्याओं को सुलझाने की गुहार लगाएगा। पत्र भेजने वाले किसानों दर्शन सिंह, बलजीत, गुलशन, दीपक ने मुख्यमंत्री और अन्य संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि उनकी जमीन उन्हें वापस लौटाई जाएं। किसानों की जमीन अधिग्रहीत करने के बाद से ही कृषि कार्य बंद है। जमीन वापस न मिलने के कारण उनकी आजीविका पर संकट गहरा गया है।

---

सालों पुरानी समस्या का नहीं हो रहा समाधान, कुंभकर्णी नींद में अफसर

## बरसात ने खोली पोल, जमा पानी से वाहन चालकों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



सर्विस लेन में खड़े पानी से गुजरते वाहन।

सोमवार को मानसून की पहली बरसात होते ही जगाधरी पंचकुला नेशनल हाइवे की दोसड़का सर्विस लेन पर पानी एकत्रित हो गया । इससे प्रशासन द्वारा पानी निकासी के किए गए पुख्ता इंतजामों के दावों की पोल खुल गई । सर्विस लेन पर एकत्रित भारी मात्रा में पानी के बीच से गुजरते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा । कई वाहन पानी के बीच ही बंद हो गए । जिससे वाहन चालकों को काफी मशक्कत करनी पड़ी । दोसड़का सर्विस लेन पर हर साल होने वाले हालातों की हर बार शिकायतों के बाद भी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। दोसड़का वासी काफी लंबे समय से इस समस्या से दो चार हो रहे है लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। दोसड़का में सर्विस लेन पर एकत्रित पानी से मुलाना की साइड से आने वालों व दोसड़का से मुलाना की तरफ जाने वालों को समस्या से जूझना पड़ा । इतना ही नहीं दोसड़का में एकत्रित पानी से सर्विस लेन पर स्थित दुकानों का काम काज भी ठप्प रहा । दुकानों के आगे एकत्रित पानी से ग्राहक दुकानों पर नहीं आ पाए । जिसके चलते दुकानदारों की कमाई प्रभावित हुई ।

### जल्द हो समस्या का समाधान

यहां रहने वाले राहुल, संजय, रमेश, धर्मेंद्र ने बताया कि दोसड़का में यह हर साल की समस्या हो गई है। लेकिन नेशनल हाईवे विभाग की अनदेखी जारी है। उन्होंने कहा कि सर्विस लेन पर एकत्रित पानी से दोसड़का आने व जाने वाले दो मुख्य मार्ग प्रभावित है। जबकि प्रशासन बारिश से पहले पानी निकासी के दावे कर रहा था । लेकिन उस समय भी बिन बरसात सर्विस लेन पर एक तरफ पानी एकत्रित रहता था । विभाग ने सर्विस लेन से पानी निकासी के प्रबंधो को पुख्ता करने के लिए पिछले साल से भी सबक न लेते हुए कोई इच्छा शक्ति नहीं दिखाई । अब हालात सबके सामने है। दोसड़का सर्विस लेन जलमग्न है। जिससे वाहन चालकों सहित स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।